लंदन की ब्रिटिश संसद के चर्चिल हॉल में डॉ. कमलकांत उपमन्यु और उनके पुत्र रौनक उपमन्यु सम्मानित

(अग्रभारत संवाददाता)

मथुरा. ब्रज के लिए गौरव का क्षण है। एनयूजेआई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट और उनके पुत्र रौनक उपमन्यु एडवोकेट को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद के प्रतिष्ठित हाउस ऑफ कॉमन्स के चर्चिल हॉल में आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। दोनों को उनकी उपलब्धियों एवं विशिष्ट योगदान के लिए स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।



डॉ. कमलकांत उपमन्यु ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लंदन में उनका और उनके बेटे का सम्मान वास्तव में समूचे बृजवासियों का सम्मान है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को ब्रज की जनता के स्नेह, आशीर्वाद और प्रतिष्ठा को समर्पित किया।

डॉ. उपमन्यु ने बताया कि द्विपक्षीय संबंधों के एक ऐतिहासिक पड़ाव की पृष्ठभूमि में जी मीडिया कॉर्पोरेशन द्वारा 27 नवंबर 2026 को ब्रिटिश संसद के प्रतिष्ठित चर्चिल हॉल (हाउस ऑफ कॉमन्स), लंदन में 'ग्लोबल इनोवेशन एंड लीडरशिप समिट-2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भारत और ब्रिटेन के बीच संस्थागत, सामाजिक एवं प्रवासी संबंधों को मजबूत बनाने के साथ नवाचार, नेतृत्व और आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इस समारोह में ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष तथा सिविल एरिया कमेटी के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के साथ उनके पुत्र रौनक उपमन्यु एडवोकेट भी उपस्थित रहे। रौनक उपमन्यु नेशनल डिबेटर होने के साथ ही क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में एलएलएम के विद्यार्थी हैं। समारोह में दोनों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स की सदस्य बैरोनेस संदीप वर्मा, ब्रिटिश सांसद गगन मोहिंद्रा, इलिंग साउथॉल के पूर्व सांसद वीरेंद्र शर्मा, ब्रिटिश सरकार के अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग के राज्य सचिव के पूर्व आयुक्त सुभाष वी. ठकरार, अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु अखंड स्वामी जी महाराज, लंदन चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (यूके) के सलाहकार एवं तेलंगाना ग्लोबल एनआरआई सेल के संयुक्त संयोजक सुरेश मंगलागिरी तथा आरबीकेएस के चेयरमैन अशोक वर्मा सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समारोह को संबोधित किया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण हाउस ऑफ कॉमन्स के भीतर आयोजित पुरस्कार सम्मान समारोह रहा। इसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिभागियों, उद्यमियों एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों को उत्कृष्टता, नवाचार, आर्थिक विकास और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. कमलकांत उपमन्यु और रौनक उपमन्यु को लंदन की ऐतिहासिक ब्रिटिश संसद में मिला यह सम्मान मथुरा एवं समूचे ब्रज क्षेत्र के लिए गौरव और प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है।

चनौरा प्लांट पर भीषण आग, धुएं के गुबार से घिरा इलाका

फिरोजाबाद। नगर निगम के चनौरा स्थित 250 टीडीपी क्षमता वाले प्लांट पर शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की लपटों के साथ कूड़े के ढेर से धुएं के घने गुबार उठने लगे। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया गया कि चनौरा प्लांट परिसर में लंबे समय से कूड़े का ढेर जमा था। शुक्रवार देर रात करीब एक बजे हाईटेंशन बिजली तारों में फाल्ट होने से निकली चिंगारी कूड़े तक पहुंच गई। इससे कचरा सुलगने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई। प्लांट से उठते धुएं के गुबार आसपास के क्षेत्र में फैल गए।

घटना की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

एफएसओ दुर्गेश त्यागी ने बताया कि चनौरा प्लांट पर देर रात हाईटेंशन बिजली तारों में फाल्ट के कारण आग लगी थी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी।

पचोखरा थाने में 35 वाहनों की नीलामी, 4.20 लाख रुपये मिले

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा पुलिस ने माल निस्तारण अभियान के तहत थाने में दाखिल 35 वाहनों की नीलामी कराई। खुली बोली के माध्यम से इन वाहनों को 4.20 लाख रुपये में नीलाम किया गया। वाहनों का कुल मूल्यांकन 3.93 लाख रुपये किया गया था। नीलामी में मूल्यांकन से 27 हजार रुपये अधिक की बोली प्राप्त हुई।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी टूंडला के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार और क्षेत्राधिकारी टूंडला की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई। नीलाम किए गए वाहनों में एक डीसीएम, आठ चार पहिया वाहन और 26 दो पहिया वाहन शामिल थे। इन वाहनों को माल मुकदमाती और एमवी एक्ट के तहत थाने में दाखिल किया गया था।

एसएसपी आदित्य लांगेह के निर्देशन में चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। नीलामी प्रक्रिया खुली बोली के जरिए पूरी कराई गई और इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। अब वाहनों के निस्तारण से संबंधित आवश्यक कार्रवाई मालखाना अभिलेखों में की जा रही है।

नीलामी प्रक्रिया में नायब तहसीलदार दीपक कुमार, क्षेत्राधिकारी टूंडला, थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश चंद, हेड मुहर्रिर जयप्रकाश सिंह और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार मौजूद रहे।

ट्रॉमा सेंटर में जेब से रुपये निकालते युवक को पकड़ा, पीटा

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र स्थित एक निजी ट्रॉमा सेंटर में शनिवार को जेब से रुपये निकालने के आरोप में एक युवक को पकड़ लिया गया। गुस्साए लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस चौकी ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

बताया गया कि एक युवक प्राइवेट ट्रॉमा सेंटर में दवा लेने पहुंचा था। इसी दौरान एक युवक ने कथित तौर पर उसकी जेब से रुपये निकाल लिए। रुपये निकलने का अहसास होने पर पीड़ित ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया।

इसके बाद गुस्साए युवक ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। उसे पकड़कर घसीटते हुए पुलिस चौकी तक ले गया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना के दौरान ट्रॉमा सेंटर में हंगामा होने से लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस उससे उसका नाम पता पूछ रही है।

बाल विज्ञानी पावनी और आध्या स्वास्थ्य हेतु स्वच्छता और जैविक कृषि के लिए कर रहीं लोगों को जागरूक

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वाधान में 32वीं राष्ट्रीय बाल कांग्रेस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के बाल वैज्ञानिक अपनी परियोजना पर सर्वेक्षण कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी की छात्राएं कु पावनी जैन एवं आध्या गुप्ता अपने मार्गदर्शक शिक्षक अनुज मिश्रा के साथ अपने उपविषय सतत भविष्य के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और जैविक कृषि पर नगर एवं ग्रामीण अंचल में सर्वेक्षण कर रही हैं। बाल विज्ञानी पावनी जैन ने बताया कि वर्तमान में अधिकतर लोग किसी न किसी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं, जिसका सीधा सम्बन्ध उनके भोजन एवं स्वच्छता से होता है। भोजन में उपलब्ध अनाज ,साक सब्जी , फलों आदि में उत्पादन बढ़ाने के लिए अत्यधिक कीटनाशक व खाद का प्रयोग किया जा रहा है, कीटनाशक एवं रासायनिक उत्पादों के कारण मृदा की उर्वरता निरंतर कम होती जाती है। इनके लगातार सेवन करने से स्वास्थ्य पर खराब प्रभाव पड़ता है। इसके लिए उन्होंने किसानों को बताया कि मृदा की उर्वरता बनाए रखने के लिए जैविक खेती का उपयोग करें। जैविक खेती में गोबर की खाद, सूखे पत्तों और अन्य प्राकृतिक चीजों से बनाई गई खाद का उपयोग किया जाता है।जैविक खेती के माध्यम से थोड़ा उत्पादन कम होता है, परंतु मृदा की उर्वरता बनी रहती है। जैविक पदार्थों के उपयोग से शरीर में कीटनाशक कम जायेंगे, जिससे लोगों के स्वास्थ्य में भी फर्क पड़ता है। उन्होंने स्वच्छता का संदेश भी प्रदान किया। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन के लिए उन्होंने डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी, सिरसागंज के प्रबंधक देव शरण आर्य, निदेशक आलोक यादव, प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा आर्य, उपप्रधानाचार्या श्रीमती रिचा मिश्रा, मार्गदर्शक शिक्षक अनुज मिश्रा, शिवाजी सर, धीरज सिंह, मेघा सक्सेना का आभार किया।

पर्यटन मंत्री ने किया बालाजी धाम पर किए गये कार्य का लोकार्पण

अग्र भारत संवाददाता

3.77 लाख रुपये से निर्मित पर्यटकों के लिए आवास और हाल का लोकार्पण

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तीसरी बार उत्तर प्रदेश में बनेगी भाजपा की सरकार- जयवीर

शिकोहाबाद। पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री ने शनिवार शाम पांच बजे बालाजी धाम पहुंच कर बालाजी धाम परिसर में 3.77 लाख रुपये से कराये गये कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने जहां समाजवादी पार्टी के मुखिया द्वारा जारी किये गए मैनीफेस्टो पर तंज कसा वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की बात कही।

शानवार शाम चार बज पयटन एव संस्कृति विभाग के कैबिनेट मंत्री ठा. जयवीर सिंह बालाजी धाम परिसर पहुंचे। यहां पर उन्होंने 3.77 लाख रुपये की लागत से बनाये गये एक हॉल और ऊपर पर्यटकों के ठहरने केलिए कमरों के अलावा अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बालाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बालाजी के महंत मनीष भारद्वाज ने दीप प्रज्जवलन करा कर किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि उन्होंने जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने केलिए हजारों करोड़ों रुपये से हिन्दू देवीदेवताओं के मंदिर और सनातन धर्म से जुड़ी धरोहरों के विकास के लिए धनराशि दी है। उन्होंने बटेश्वर नाथ मंदिर और रपड़ी में बनाए गये ईको टूरिज्म का जिक्र किया। इसके साथ ही सिरसागज म बनाय जा रह पाका का भी जिक्र किया। अपने संबोधन में उन्होंने समाजवादी पार्टी के मुखिया द्वारा पेश किये गये अपने मैनीफेस्टे के बारे में तंज कसते हुए कहा कि उनके द्वारा आम जनता को जिस तरह से लुभाया गया है। उन्होंने जनता से कहा कि वर्ष 2017 से पहले क्या माहौल था। उन्होंने कहा कि अगर कोई लुटेरा आपसे कहे कि हम आपके सामान की रक्षा करेंगे, तो क्या आप विश्वास करोगे, नहीं। वहीं नौशहरा में रामलीला मैदान की बाउंड्रीवाल एवं अन्य विकास कार्यों का निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर एक करोड़, 15 लाख और 36 हजार रुपये खर्च किये जायेंगे। इससे पूर्व बालाजी ट्रस्ट के ट्रस्टियों और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। अन्य वक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष रघुवर दयाल वर्मा ने जय समाजवाद का नारा देकर वहां मौजूद लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण, पात्र युवाओं के नाम जोड़ने पर जोर

मक्खनपुर और फिरोजाबाद के मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं परखीं, बीएलओ को दिए निर्देश

फिरोजाबाद। विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगेह ने शिकोहाबाद और फिरोजाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।



अधिकारियों ने बूथों पर व्यवस्थाएं परखने के साथ युवा मतदाताओं, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की।

जिलाधिकारी और एसएसपी ने 98 विधानसभा क्षेत्र शिकोहाबाद के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मक्खनपुर में बूथ संख्या 251, 253, 254, 255 और 256 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर मौजूद युवाओं, महिलाओं और नागरिकों से बातचीत कर लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया।

अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं बेहतर रहें और मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके बाद जिलाधिकारी 97 विधानसभा क्षेत्र फिरोजाबाद के तिलक इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां बूथ संख्या एक और दो पर विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत कार्यरत बीएलओ और संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र युवा या महिला मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने के लिए अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाकर अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया।

स्वास्थ्य केंद्रों पर अनुपस्थित कर्मचारियों के अवकाश अभिलेख जांचने के निर्देश

फिरोजाबाद। स्वास्थ्य केंद्रों पर कर्मचारियों की उपस्थिति, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति जांचने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिकाओं का अवलोकन कर अवकाश पर दर्ज कर्मचारियों के स्वीकृति संबंधी अभिलेखों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। अनधिकृत रूप से अनुपस्थित मिलने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, सविदा कर्मचारियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति जांची गई। सीएमओ ने कहा कि उपस्थिति पंजिका में आकस्मिक अवकाश दर्ज होने पर संबंधित कर्मचारी के अवकाश स्वीकृति अभिलेख की जांच की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संभावित मरीजों की जांच और उपचार, नियमित टीकाकरण में बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सेवाएं देने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, कुष्ठ, मानसिक स्वास्थ्य, एड्स और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता, पैथोलॉजी जांच, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता और जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

डीएम और एसएसपी ने नारायण कॉलेज के बूथों का किया निरीक्षण

शिकोहाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से नारायण कॉलेज स्थित मतदान केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने बूथ संख्या 362 से 369 तक की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हे ने मतदान केंद्र पर उपस्थित युवा मतदाताओं,महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। इसके अतिरिक्त अधिकारियों ने मौके पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों की कार्यप्रणाली,मतदाता सूची और अन्य संबंधित अभिलेखों की गहनता से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्य को पूरी पारदर्शिता और त्रुटिरहित ढंग से समयबद्ध पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

शिकोहाबाद। कोतवाली शिकोहाबाद परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं।



इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने मुख्य रूप से भूमि विवाद,अवैध कब्जे,पेंशन और पारिवारिक मामलों से जुड़े प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष और त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम बोझिया भाग चितावली निवासी राजकुमारी, बलराम सिंह,दलवीर सिंह व शिव सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम चितावली स्थित गाटा संख्या 143 में उन्हें आवंटित कुरे की भूमि पर विपक्षी द्वारा जबरन नींव खोदकर निर्माण किया जा रहा है। डीएम ने तहसीलदार शिकोहाबाद व प्रभारी निरीक्षक को मौके पर जाकर निर्माण रुकवाने व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने उपस्थित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि विवादों और अवैध कब्जों की शिकायतों पर टीमें तत्काल मौके पर पहुंचकर पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें यदि किसी कर्मचारी या अधिकारी द्वारा कार्यों में टालमटोल या पक्षपात पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी जयविंद गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राणा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस पर अलीगढ़ क्षेत्रीय निदेशक को मिला तृतीय बेस्ट नवाचार अवार्ड

शिकोहाबाद। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक को इग्नू के 41वें स्थापना दिवस समारोह 2026 में तृतीय इग्नू बेस्ट नवाचार अवार्ड प्रदान किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 41वां स्थापना दिवस इग्नू मैदान गढ़ी नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इग्नू के 41वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि टिम कर्टिस निदेशक एवं प्रतिनिधि यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिण एशिया रहे।

इग्नू के 41वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने की। कुलसचिव जितेंद्र श्रीवास्तव एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग की निदेशक प्रेमा सिंघि ने मंच साझा किया।

इग्नू के 41वें स्थापना दिवस समारोह में नवाचार प्रदर्शनी समारोह का मुख्य आकर्षण रही। नवाचार प्रदर्शनी 2026 का उद्घाटन 41वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि टिम कर्टिस निदेशक एवं प्रतिनिधि यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिण एशिया एवं इग्नू की कुलपति प्रो उमा कांजीलाल द्वारा किया गया। समारोह में तृतीय इग्नू बेस्ट नवाचार अवार्ड 2026 इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डा. अजय वर्धन आचार्य को मुख्य अतिथि निदेशक एवं प्रतिनिधि यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिण एशिया एवं कुलपति प्रोफेसर उमा कांजीलाल द्वारा प्रदान किया गया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ अजय वर्धन आचार्य के नवाचारी मॉडल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए इग्नू तृतीय बेस्ट नवाचार अवार्ड 2026 प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर ए.के कॉलेज की ओर से हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दीदार सिंह यादव, एके कॉलेज इग्नू समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार यादव ने हर्ष व्यक्त किया।

रास्ता रोक कर की गाली गलौज, विरोध पर मारपीट, चार नामजद

शिकोहाबाद। खेत में घुसे पशुओं को निकालने जा रही महिला को गांव के ही कुछ लोगों ने रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिसमें उसके गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नसीरपुर थाना क्षेत्र के गांव कुतुकपुर निवासी सरोज देवी ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि शुक्रवार को वह अपने खेत पर घुसे पशुओं को भगाने जा रही थी। तभी अंशुल देवी, कामराज सिंह, सचिन, व सुनीता ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो ईंट पत्थर व लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान महिला के गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराकर चारो आरोपी अंशुल देवी, कामराज सिंह, सचिन और सुनीता देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना की फिराक में खड़े व्यक्ति को दबोचा, तमंचा बरामद

शिकोहाबाद। नसीरपुर पुलिस ने फतेहपुर अंडर पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जो किसी घटना को करने के लिए तैयार खड़ा था। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

नसीरपुर पुलिस में तैनात उप निरीक्षक किशनपाल सिंह शुक्रवार को चेकिंग अभियान में थे, तभी सूचना मिली कि फतेहपुर अंडर पास के पास एक व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंच कर बताये गये युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और कारतूस मिले। पुलिस ने जब उससे नाम पूछा तो उसने अपना नाम अमित शर्मा निवासी फतेहपुर कखौं बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।

शब्दम हिंदी प्रश्नमंच दिए 32 विद्यार्थियों ने सही जवाब



शिकोहाबाद। साहित्य, संगीत और कला को समर्पित संस्था शब्दम द्वारा कमला नेहरू चंद्र कुमारी जैन इंटर कॉलेज फिरोजाबाद में मंजर शब्दम् हिंदी प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 400 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण एवं दैनिक बोलचाल में हिंदी शब्दों की शुद्धता पर जोर देना तथा विद्यार्थियों के शब्दकोश को समृद्ध करना रहा। इस प्रश्नमंच के माध्यम से प्रतिभागियों में मातृभाषा हिंदी के प्रति सम्मान और जिज्ञासा जागृत करने का प्रयास किया गया।

प्रश्नमंच के दौरान संचालन कर रहे शब्दम् संस्थापक एवं प्रख्यात व्यंग्यकार अरविन्द तिवारी ने विद्यार्थियों से पर्यायवाची शब्द, कहावतें,मुहावरे,हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल विभाजन और शुद्ध वर्तनी से जुड़े प्रश्नों को पूछा, जिनका विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक उत्तर दिए। प्रतियोगिता में 32 विद्यार्थियों ने प्रश्नों का सही उत्तर देकर पुरस्कार प्राप्त किए। शब्दम् अध्यक्ष किरण बजाज ने मुम्बई से भेजे अपने संदेश में कहा कि विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर हिंदी के ज्ञान को सशक्त बनाने के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतर आवश्यकता है। जिससे युवा पीढ़ी शुद्ध और प्रभावी हिंदी के प्रयोग के प्रति जागरूक हो सके। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की सहभागिता और उत्साह की सराहना की गई। प्रधानाचार्य अमित कुमार जैन विद्यार्थी ने संस्था शब्दम् का धन्यवाद देते हुए कहा कि मंजर शब्दम् हिन्दी प्रश्नमंच जैसे आयोजन विद्यार्थियों में भाषाई कौशल को निखारने के साथ.साथ हिंदी साहित्य और संस्कृति से जुड़ाव को और गहरा करेंगे। कार्यक्रम में रविन्द्र कुमार उपाध्याय,सनी जैन,अक्षय उपाध्याय,योगेन्द्र सिंह यादव,अनुज शुक्ला,सुमति कुमार जैन,विनोद कुमार एवं संतोष कुमार उपस्थित रहे।